षोडश

बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{01 श्रावण, 1941 (श०)}}{\text{23 जुलाई, 2019 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	शिक्षा विभाग	02
	कुल योग --	02

राशि उपलब्ध कराना

26. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 11/वि-11-71/2017/133, दिनांक 19 मार्च, 2018 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2017-18 में राज्य के 2,000 उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं 4,000 माध्यमिक विद्यालयों में प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति हेतु दो अरब बीस करोड़ रुपये तथा पत्रांक 132, दिनांक 19 मार्च, 2018 के माध्यम से राज्य के सभी +2 माध्यमिक विद्यालयों में उपस्करों के क्रय हेतु एक अरब बीस करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज के प्रखंड सिधवलिया स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, अमरपुरा, जगीरहाँ सहित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में उपस्कर एवं प्रयोगशाला मद में राशि का आवंटन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी संबंधित विद्यालयों में जाँच कराकर समान रूप से राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योग शिक्षा का पाठ्यक्रम शुरू करना

27. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना प्राच्य विधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा का पाठ्यक्रम नहीं है, इस कारण छात्र इसके शिक्षा से वंचित रह रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा का पाठ्यक्रम शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 23 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 51(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550